अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल 246174, उत्तराखण्ड

DEAN STUDENT WELFARE
H.N.B.Garhwal University (A Central University), Srinagar (Garhwal), 246174, Uttarakhand

पत्रांक सं./अ.छा.क./2022/ 252 दिनांक : 29/7/22

आवश्यक सूचना

समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है की आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के समस्त विभागीय भवनों पर दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय झंडा फहराया जाना है, इसे आप अपने स्तर से क्रय कर राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, साथ ही अपने विभाग के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को उक्त अवधि में अपने-अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। इस हेतु झंडा विश्वविद्यालय से उपलब्ध कराया जाएगा, आपसे अनुरोध है विभागीय शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं की संख्या से दिनांक 5 अगस्त 2022 तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय को अवगत कराने की कृपा करेंगे, जिससे इस हेतु झंडे मंगवाये जा सके। इसके साथ ही झंडा फहराने वाला प्रत्येक व्यक्ति झंडा फहराने की सेल्फी खींच कर अपना नाम, विभाग का नाम एवं विश्वविद्यालय का उल्लेख कर इस हेतु निर्धारित वेबसाइट पर इसे अपलोड भी करेंगे साथ ही प्रत्येक छात्र अपने आस-पड़ोस में भी उन्हें अपने भवनों पर झंडा फहराने के लिये प्रेरित करेंगे.विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को दिए गए राष्ट्रीय झंडे को वे पड़ोसियों को भी उपलब्ध कराएंगे।

29/7/22
प्रो० महावीर सिंह नेगी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष /विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक।
2. मुख्य नियंता/मुख्य छात्रावास अधीक्षक (राष्ट्रीय झण्डा क्रय कर सभी छात्रावास भवनों पर राष्ट्रीय झंडे को फहराना सुनिश्चित करेंगे)
3. समस्त उपकुलसचिव /सहायक कुलसचिव/सिस्टम मैनेजर/ जनसम्पर्क अधिकारी।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5. निजी सचिव प्रति कुलपति महोदय।
6. निजी सचिव कुलपति महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।

29/7/22
प्रो० महावीर सिंह नेगी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

Scanned with CamScanner